29th July 2026

Press Release

The following joint statement issued to the media by the Central Trade Unions and Samyukt Kisan Morcha

National Convention of Workers and Farmers Resolves to Intensify Coordinated and United Struggles Against Anti-People Policies

The National Convention of Workers and Farmers, jointly organised by the Central Trade Unions (CTUs), Sectoral Federations and Associations, along with the Samyukta Kisan Morcha (SKM) concluded today at the Talkatora Stadium, New Delhi packed with sea of working people and farmers. The convention gave out a resounding call to strengthen the unity of workers, farmers, students, youth and all democratic sections of society in defence of livelihoods, constitutional rights and national interests. Marking a new chapter in this struggle for dignity, democracy, equality and justice the massive gathering sent a strong message that when the workers and farmers unite, they make a massive force to reckon with.

Talkatora stadium was busting out of its seams with the participation of thousands of workers from every sector of the economy. Industrial workers, public sector employees, transport workers, bank and insurance employees, teachers, government employees, scheme workers, unorganised workers of all activities including piece rate workers, gig and platform workers, women workers, youth, pensioners etc., joining hands with farmers from across the country. Undeterred determination of the working people and farmers to resist anti-worker, anti-farmer and pro-corporate policies was determinedly demonstrated among the participants.

A joint presidium representing all the CTUs and SKM conducted the proceedings. The Presidium members from CTUs included Amit Yadav-INTUC, Mohan Sharma-AITUC, Raja Shridhar-HMS, Sudip Dutta-CITU, Samar Sinha-AIUTUC,Jyoti Ranjan Mahapatra-TUCC, Ashaben-SEWA,Sucheta De-AICCTU, J Vijayakumar-LPF, R.S. Dagar-UTUC and those from SKM were Satheesh Azad (KKU), Umesh Singh (AIKM), Ravula Venkaih (AIKS), Ashok Dhawle (AIKS), Shankar Ghosh (AIKKMS), SSV Satyanarayan (AIKMS), Yudhvir Singh BKU (Tikait), Simran Singh BKU (Ugrahan), K. Rangga (AIUKS).

The speakers from CTUs included Ashok Singh-INTUC, Amarjeet Kaur-AITUC, Harbhajan Singh Sidhu-HMS, Elamaram Kareem-CITU, Hari Prakash- AIUTUC, K Induprakash Menon-TUCC, Lata Ben-SEWA, Rajeev Dimri-AICCTU, V. Veluswamy-LPF,Shatrujeet Singh-UTUC and those from SKM included Avatar Singh Mehma (KKU), Satyavan (AIKKMS), Vijoo Krishanan (AIKS, Canning Lane), Purushottam Sharma (AIKM), Rajan Kshirsagar (AIKS, Ajoy Bhawan), Raminder Singh Patiala (AIKMS), Joginder Singh Ugrahan(BKU-U), Rakesh Tikait (BKU-Tikait), Dr. Sunilam (KSS), Joginder Singh, Govind Raj, Karnail Singh Ikolaha (AISKS), Ashok Baitha (AIKMKS).

All speakers rose in unison against the anti-people policies of the government. They highlighted the deepening economic crisis, rising unemployment, unprecedented price rise, privatisation of public sector enterprises and public services, attacks on trade union rights through the Labour Codes, the neglect of farmers' demands, against the damaging foreign trade agreements, shrinking democratic space, and increasing attempts to divide the people on communal, caste and other sectarian lines. They emphasised that only apart from fighting from their respective organisations and fronts,a broad and united movement of workers, farmers and all democratic forces can effectively defend the Constitution, protect livelihoods and safeguard India's secular and democratic character.

The Convention unanimously adopted a comprehensive declaration reiterating the demands to repeal the four Labour Codes, guarantee trade union rights, restore labour protections, ensure a statutory minimum wage of ₹42,000 linked to dearness allowance, guaranteed MSP at C2+50% with assured procurement, No to anti-farmer, anti-workers Foreign Trade Agreements (FTA), stop privatisation and the National Monetisation Pipeline 2.0, restore and strengthen MGNREGA, expand social security, create employment, strengthen public education and healthcare, defend the Public Distribution System, withdraw draconian laws, and protect constitutional and democratic rights etc.

The declaration also resolved to intensify coordinated struggles of workers and farmers across the country. As part of the immediate programme of action, the Convention called for nationwide protests on 10 August 2026, commemorating the Quit India Movement, through district and state-level demonstrations, rail roko, rasta roko, workplace protests, human chains and other forms of peaceful mass mobilisation. It also resolved to organise joint state-level conventions, decentralised Mahapadavs and prepare for larger nationwide direct-action programmes if the demands remain unaddressed.

The convention sent a powerful, united message to strengthen workers'-farmers' unity and intensify the struggle to confront the government that is increasingly becoming authoritarian in its character. The historic event concluded with a powerful pledge to further strengthen the unity of workers and farmers, expand solidarity with democratic movements, and carry forward the struggle for a society based on equality, justice, secularism and social progress.

The Convention concluded on a triumphant note, reaffirming the unwavering determination of India's working people to strengthen their unity and intensify the struggle. With renewed resolve, the participants pledged to carry the movement forward until their demands are achieved. The message was loud and clear- “Unite, Organise and fight – Unity will be ours”

Jointly issued by
The Central Trade Unions,Sectoral Federations/Associations
and
Samyukt Kisan Morcha

29 जुलाई 2026

प्रेस विज्ञप्ति

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा मीडिया को जारी संयुक्त बयान

मजदूरों और किसानों के राष्ट्रीय सम्मेलन ने किसान-मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ समन्वित और एकजुट संघर्ष को तेज करने का संकल्प लिया

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों (CTUs), क्षेत्रीय फेडरेशनों और एसोसिएशनों तथा संयुक्त किसान मोर्चा (SKM) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मजदूरों और किसानों का राष्ट्रीय सम्मेलन आज नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में संपन्न हुआ। यह सम्मेलन कामकाजी लोगों और किसानों की भारी भीड़ से खचाखच भरा हुआ था। सम्मेलन ने आजीविका, संवैधानिक अधिकारों और राष्ट्रीय हितों की रक्षा में मजदूरों, किसानों, छात्रों, युवाओं और समाज के सभी लोकतांत्रिक वर्गों की एकता को मजबूत करने का एक जोरदार आह्वान किया। सम्मान, लोकतंत्र, समानता और न्याय के इस संघर्ष में एक नया अध्याय जोड़ते हुए, इस विशाल सभा ने यह कड़ा संदेश दिया कि जब मजदूर और किसान एकजुट होते हैं, तो वे एक अजेय और शक्तिशाली ताकत बन जाते हैं।

तालकटोरा स्टेडियम अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र से आए हजारों मजदूरों की भागीदारी से खचाखच भरा हुआ था। औद्योगिक मजदूर, सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी, परिवहन कर्मचारी, बैंक और बीमा कर्मचारी, शिक्षक, सरकारी कर्मचारी, स्कीम वर्कर, दिहाड़ी मजदूर, गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर, महिला मजदूर, युवा, सभी गतिविधियों के असंगठित क्षेत्र के मजदूर तथा पेंशनभोगी लोग, किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर शामिल हुए। मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और कॉर्पोरेट-समर्थक नीतियों का विरोध करने का कामकाजी लोगों और किसानों का दृढ़ संकल्प प्रतिभागियों के बीच स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

सभी CTUs और SKM का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संयुक्त अध्यक्ष मंडल ने कार्यवाही का संचालन किया। CTUs की ओर से अध्यक्ष मंडल के सदस्यों में अमित यादव (INTUC), मोहन शर्मा (AITUC), राजा श्रीधर (HMS), सुदीप दत्ता (CITU), समर सिन्हा (AIUTUC), ज्योति रंजन महापात्रा (TUCC), आशाबेन (SEWA), सुचेता डे (AICCTU), जे. विजयकुमार (LPF), आर.एस. डागर (UTUC) शामिल थे। SKM की ओर से सतीश आजाद (KKU), उमेश सिंह (AIKM), रावुला वेंकैया (AIKS), अशोक धावले (AIKS), शंकर घोष (AIKKMS), एसएसवी सत्यनारायण (AIKMS), युद्धवीर सिंह बीकेयू (टिकैत), सिमरन सिंह बीकेयू (उग्राहां), के. रंगा (AIUKS) शामिल थे।

CTUs की ओर से बोलने वाले वक्ताओं में अशोक सिंह (INTUC), अमरजीत कौर (AITUC), हरभजन सिंह सिद्धू (HMS), एलमाराम करीम (CITU), हरि प्रकाश (AIUTUC), के. इंदुप्रकाश मेनन (TUCC), लता बेन (SEWA), राजीव डिमरी (AICCTU), वी. वेलुसामी (LPF), शत्रुजीत सिंह (UTUC) शामिल थे। SKM की ओर से अवतार सिंह महमा (KKU), सत्यवान (AIKKMS), विजू कृष्णन (AIKS, कैनिंग लेन), पुरुषोत्तम शर्मा (AIKM), राजन क्षीरसागर (AIKS, अजय भवन), रामिंदर सिंह पटियाला (AIKMS), जोगिंदर सिंह उग्राहां (BKU-U), राकेश टिकैत (BKU-टिकैत), डॉ. सुनीलम (KSS), जोगिंदर सिंह, गोविंद राज, करनैल सिंह इकोलाहा (AISKS), अशोक बैठा (AIKMKS) शामिल थे।

सभी वक्ताओं ने एक स्वर में सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध किया। उन्होंने गहराते आर्थिक संकट, बढ़ती बेरोजगारी, अभूतपूर्व महंगाई, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों व सार्वजनिक सेवाओं के निजीकरण, श्रम संहिताओं (लेबर कोड) के माध्यम से ट्रेड यूनियन अधिकारों पर हमलों, किसानों की मांगों की अनदेखी, नुकसानदेह विदेशी व्यापार समझौतों, सिकुड़ते लोकतांत्रिक स्थानों और सांप्रदायिक, जातीय व अन्य संकीर्ण

आधारों पर लोगों को विभाजित करने के बढ़ते प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि अपने-अपने संगठनों और मोर्चों से लड़ने के अलावा, मजदूरों, किसानों और सभी लोकतांत्रिक ताकतों का एक व्यापक और एकजुट आंदोलन ही संविधान की रक्षा कर सकता है, आजीविका को बचा सकता है और भारत के धर्मनिरपेक्ष व लोकतांत्रिक स्वरूप को सुरक्षित रख सकता है।

सम्मेलन ने सर्वसम्मति से एक व्यापक घोषणापत्र स्वीकार किया, जिसमें चारों श्रम संहिताओं को रद्द करने, ट्रेड यूनियन अधिकारों की गारंटी देने, श्रम सुरक्षा बहाल करने, महंगाई भत्ते से जुड़ी ₹42,000 की वैधानिक न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित करने, गारंटीकृत खरीद के साथ C2+50% पर एमएसपी की गारंटी देने, किसान-मजदूर विरोधी विदेशी व्यापार समझौतों (FTA) को बंद करने, निजीकरण और राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन 2.0 पर रोक लगाने, मनरेगा को बहाल और मजबूत करने, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करने, रोजगार पैदा करने, सार्वजनिक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) की रक्षा करने, कठोर कानूनों को वापस लेने और संवैधानिक व लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करने जैसी मांगों को दोहराया गया।

घोषणापत्र में देशभर में मजदूरों और किसानों के समन्वित संघर्षों को तेज करने का भी संकल्प लिया गया। तत्काल कार्रवाई कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, सम्मेलन ने भारत छोड़ो आंदोलन की याद में 10 अगस्त 2026 को जिला और राज्य स्तरीय प्रदर्शनों, रेल रोको, रास्ता रोको, कार्यस्थल प्रदर्शनों, मानव श्रृंखलाओं और शांतिपूर्ण जन लामबंदी के अन्य रूपों के माध्यम से देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों का आह्वान किया। इसने संयुक्त राज्य स्तरीय सम्मेलनों, विकेंद्रीकृत महापड़ावों का आयोजन करने और यदि मांगें अनसुनी रहती हैं तो बड़े पैमाने पर देशव्यापी प्रत्यक्ष कार्रवाई कार्यक्रमों की तैयारी करने का भी संकल्प लिया।

सम्मेलन ने मजदूर-किसान एकता को मजबूत करने और तेजी से निरंकुश हो रही सरकार का मुकाबला करने के लिए संघर्ष को तेज करने का एक शक्तिशाली, एकजुट संदेश दिया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का समापन मजदूरों और किसानों की एकता को और मजबूत करने, लोकतांत्रिक आंदोलनों के साथ एकजुटता का विस्तार करने और समानता, न्याय, धर्मनिरपेक्षता व सामाजिक प्रगति पर आधारित समाज के लिए संघर्ष को आगे बढ़ाने के एक शक्तिशाली संकल्प के साथ हुआ।

सम्मेलन एक विजयी सुर के साथ संपन्न हुआ, जिसने अपनी एकता को मजबूत करने और संघर्ष को तेज करने के भारत के कामकाजी लोगों के अटूट संकल्प को दोहराया। नए उत्साह के साथ, प्रतिभागियों ने मांगों की प्राप्ति तक आंदोलन को आगे ले जाने का संकल्प लिया। संदेश स्पष्ट और मुखर था— “एकजुट हो, संगठित हो और लड़ो — जीत हमारी होगी”।

संयुक्त रूप से जारीकर्ता:

केंद्रीय ट्रेड यूनियनें, क्षेत्रीय फेडरेशन/एसोसिएशन
और
संयुक्त किसान मोर्चा

श्रमिकों और किसानों का राष्ट्रीय कन्वेंशन
NATIONAL CONVENTION OF WORKERS AND FARMERS
29 July 2026
Talkatora Stadium, New Delhi
29 जुलाई 2026
तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली
Organised By
Central Trade Unions (CTUs)
Independent Federations/Associations
केन्द्रीय ट्रेड यूनियनें
स्वतंत्र फेडरेशनें/एसोसिएशन्स
SCRAP
IMPLEMENT
एकता जिन्दाबाद!

People United shall always be Victorious !